हिमाचल अभी अभी

Himachal ABHI ABHI

नई सोच नई खोज

साप्ताहिक

/himachal.abhiabhi @himachal_abhi

राशि के हिसाब से धारण करें रुद्राक्ष

-पढ़ें पेज 4

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 10 अंक 41 कांगड़ा। शनिवार, 08 फरवरी-14 फरवरी, 2025 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 26 माघ, विक्रमी संवत् 2081 कुल पृष्ठ 4 मूल्य ₹5 Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26

ऊं महालक्ष्मी नमः

मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए उनकी प्रिय चीजें जैसे कमल का फूल, कौड़ी, शंख, लाल या गुलाबी कपड़ा किसी मंदिर में जाकर अर्पित करें। इससे आर्थिक दिक्कतें दूर हो जाती हैं। मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए शुक्रवार के दिन माता को मिश्री और खीर का भोग लगाना चाहिए....

अगर माता लक्ष्मी प्रसन्न हो जाएं तो व्यक्ति को धन-धान्य की कमी नहीं रहती है। अगर आप माता लक्ष्मी को प्रसन्न कर लेते हैं तो धन और समृद्धि के सभी रास्ते खुल जाते हैं। माता लक्ष्मी की पूजा शाम के वक्त होती है, ऐसे में जब भी आप इनकी पूजा करें तो शाम का समय ही चुनें। शुक्रवार को स्नान करने के बाद मां लक्ष्मी की पूजा करें। पूजा से पहले ही जहां आप लक्ष्मी जी की पूजा करेंगे उसे साफ करके शुद्ध कर लें, इसके बाद पूजा शुरु करें। पूजा में माता को गुलाबी रंग के फूल अर्पित करें ऐसा करना शुभ माना जाता है। इसके साथ ही इत्र भी चढ़ाएं। कहते हैं मां लक्ष्मी वहीं वास करती हैं, जहां साफ-सफाई होती है।

शुक्रवार को लक्ष्मी पूजन से धन की प्राप्ति होती है, ऐसे में अगर आपके घर भी मां लक्ष्मी नहीं टिक रही हैं तो शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी का पूजन करें साथ ही इस दिन व्रत भी रखें। लक्ष्मी मां को धन की देवी कहा जाता है, इसलिए लोग इनकी पूजा करते हैं।

मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए उनकी प्रिय चीजें जैसे कमल का फूल, कौड़ी, शंख, लाल या गुलाबी कपड़ा किसी मंदिर में जाकर अर्पित करें। इससे आर्थिक दिक्कतें दूर हो जाती हैं। मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए शुक्रवार के दिन माता को मिश्री और खीर का भोग लगाना चाहिए। इसके साथ ही मां लक्ष्मी के मन्त्रों का जाप स्फटिक या कमलगट्टे की माला से करें। यह काफी प्रभावी माना जाता है।

■ पं. नित्यानंद